मौसम आधारित कृषि परामर्श सेवाएं

(ग्रामीण कृषि मौसम सेवा)

केन्द्रीय शुष्क क्षेत्र अनुसंधान संस्थान, जोधपुर– 342003

दिनांकः 14 अक्टुबर 2014

जोधपुर

जिले के लिए भारत मौसम विज्ञान विभाग, क्षेत्रीय मौसम विज्ञान केन्द्र, जयपुर से प्राप्त मध्यावधि मौसम पूर्वानुमान

मौसमी तत्व / दिनांक	14-10-14	15-10-14	16-10-14	17-10-14	18-10-14
वर्षा (मि.मी.)	2	1	0	1	0
अधिकतम तापमान (°सेल्सियस)	38	37	37	36	36
न्यूनतम तापमान (°सेल्सियस)	20	21	22	21	20
बादलों की स्थिति (ओक्टा)	4	4	3	1	0
सापेक्षिक आर्द्रता (प्रतिशत) सुबह	61	57	55	55	50
सापेक्षिक आर्द्रता (प्रतिशत) शाम	28	25	20	18	17
हवा की गति (कि.मी/घंटा)	9	7	8	8	9
हवा की दिशा	पूर्व–दक्षिण–पूर्व	दक्षिण–दक्षिण–पूर्व	दक्षिण–दक्षिण–पूर्व	पूर्व	पूर्व

मौसम पूर्वानुमान के आधार पर कृषि परामर्श सेवा, केन्द्रीय शुष्क क्षेत्र अनुसंधान संस्थान, जोधपुर द्वारा इस जिले के किसानों को सलाह :

सरसों की बुवाई हेतु बायो–902, आर.एच.–30, आर.एच–819, टी–59 सरसों की उन्नत किस्मे हैं। सरसों की बुवाई से पूर्व खेत में 250 किलो जिप्सम प्रति हैक्टर डालें। बुवाई के लिए बीज की मात्रा 2 से 3 किलो प्रति हैक्टेर उपयोग में लें।

फसल को बीज जनित रोगों से बचाव के लिये 4–8 ग्राम ट्राइकोडर्मा या 3 ग्राम थाइरम या 2 ग्राम कार्बेण्डेजिम या 2 ग्राम मैन्कोजेब प्रति किलो बीज की दर से बीजोपचार करें।

सरसों की फसल को सफेद रोली रोग से बचाने के लिए 6 ग्राम मैटेलेक्जिल (एप्रोन 35 एस.डी.) नामक दवा से प्रति किलो बीज को उपचारित कर बोएं।

पशु आहार में हरे चारे की मात्रा नियंत्रित रखें क्योंकि हरे चारे को अधिक मात्रा में खाने से पशुओं में हरे रंग की दस्त या "एसिडोसिस" की समस्या हो सकती है।